# प्रदीप मिश्रा के

# शिव पुराण के टोटके



विश्व विख्यात कथाकार पंडित प्रदीप मिश्रा जी अपने भजनों और शिवपुराण कथा वाचन के लिए बहुत प्रसिद्ध हैं। प्रदीप जी अपनी कथाओं के माध्यम से लोगों को उनके जीवन की समस्याओं के उपाय भी बताते हैं।

प्रदीप जी श्री राम कथा, श्रीमदभागवत कथा और शिव पुराण कथा का कथावाचन करते हैं। इनकी कथा की सबसे ख़ास बात यह है की पंडित जी शिव पुराण की कथा के माध्यम से लोगों को उनके जीवन से जुडी समस्याओं के उपाय भी बताते हैं।

# प्रदीप मिश्रा जी के टोटके

पंडित प्रदीप मिश्र जी अपनी हर कथा में बीच बीच में कुछ टोटके (उपाय) बताते रहते हैं। जिनको करने से लोगों को कहीं न कहीं लाभ होता है। कुछ लोग उनके उपायों को करते हैं लेकिन कुछ लोग उनके द्वारा बताये हुए टोटकों का मज़ाक भी बनाते हैं। प्रदीप मिश्रा जी के टोटके को करने के साथ साथ उसका पूरा नियम का पालन भी करना पड़ता है। वे अपनी कथा के माध्यम से इसके विषय में बताते हैं कि किसी भी उपाय को करने से पहले उसके पूरे नियम को समझना बहुत ज़रूरी है। आइये जानते है उनके द्वारा बताये हुए उपायों को जिनसे लोगों को भी लाभ मिलता है।

## धनप्राप्ति के लिए उपाय

अक्सर देखा जाता है की लोग अपने जीवन में धन की समस्या से जूझते रहते हैं। बड़ी मेहनत करने के बाद भी उन्हें धन प्राप्ति नहीं हो पाती है। अगर धन आता भी है तो वह जल्द ही समाप्त हो जाता है। घर में धन रुकता ही नहीं है। ऐसी समस्या के लिए प्रदीप जी ने शिव पुराण कथा के अनुसार बेलपत्र का एक उपाय बताया है।

जिसको करने के लिए आपको सोमवार के दिन सुबह स्वच्छ होकर स्नान आदि करके अपने पास के शिव मंदिर में जाकर पवित्र मन से एक बड़ी बेलपत्र पर लाल चन्दन लगाकर शिवलिंग पर लगाना होगा। इसके बाद शिव जी से अपनी धन से जुडी समस्या के विषय में प्रार्थना करिए। शिव जी आपकी मनोकामना अवश्य पूर्ण करेंगे।

प्रदीप जी धनप्राप्ति के लिए एक उपाय और भी बताते हैं कि आप गणेश चतुर्थी के दिन गणेश जी के मंदिर में दीप दान करते हैं। तो आप के घर में धन की कमी नहीं होती है। यह तो सभी को पता है की गणेश जी माता पार्वती और शिव जी के पुत्र हैं। गणेश जी की दो पत्नियाँ हैं जिनका नाम रिद्धि और सिद्धि है। जिसका अर्थ होता है सुख और सम्पन्नता। गणेश जी का एक नाम विघ्नहर्ता भी है।

इसके अलावा आप मंगलवार के दिन शिवलिंग को पके हुए चावल से ढककर उस पर 7 बेलपत्र चढ़ा दें। इससे आपके घर में लक्ष्मी जी का वास बना रहेगा। कभी आपके घर में ध की कमी रहेगी।

## अकाल मृत्यु से बचने के लिए उपाय

प्रदीप मिश्रा जी ने अपनी कथा के माध्यम से अकाल मृत्यु से बचने के लिए उपाय बताया है। उन्होने कहा है कि यदि आप नर्मदा नदी से निकले शिवलिंग को अपने घर के मंदिर में रखते हैं। तो आपके घर में अकाल मृत्यु नहीं हो सकती है। नर्मदा नदी मध्य प्रदेश में है। यदि आप ओम्कारेश्वर ज्योतिर्लिंग के दर्शन के लिए जाते हैं। तो आप वहां से नर्मदा नदी के जल से निकला शिवलिंग अपने घर पर ला सकते हैं।

पंडित जी ने यह भी बताया कि नर्मदा नदी से निकलने वाले शिवलिंग की प्राण प्रतिष्ठा करने की आवश्यकता नही होती है। चाहे उस शिवलिंग पर जल चढ़ाओ या न चढ़ाओ। चाहे उसपर बेलपत्र चढ़ाओ या न चढ़ाओ। केवल उसे अपने घर ले आओ और अपने घर के मंदिर में स्थापित कर दो इससे आपके घर में किसी की अकाल मृत्यु नहीं होती है।

## संतान प्राप्ति के लिए उपाय

प्रदीप जी संतान प्राप्ति के लिए उपाय बताते हुए कहते हैं कि यदि किसी दंपत्ति को संतान की प्राप्ति नही हो रही है। तो उसको स्त्री के रजस्वला यानी मासिक के 7वें दिन सफेद आंकड़े की जड़ को लेकर शिवलिंग पर सात बार घुमाकर तुमरुका जी का नाम लेते हुए शिव जी से प्रार्थना करे। फिर उस जड़ को किसी लाल कपड़े में बांधकर स्त्री की कमर में बांध दें। शिव जी की कृपा से जल्द ही उस दंपत्ति को संतान की प्राप्ति होगी।

## बच्चों को डरने से बचाने के लिए उपाय

अक्सर देखा जाता है कि नवजात शिशु या बचपन में छोटे बच्चे अक्सर सोते समय अचानक दर जाते हैं। प्रदीप जी ने शिव पुराण का उपाय बताया है कि बेलपत्र के पेड़ में जो कांटा होता है उसको लेकर उसमे चीनी (शक्कर) और मेवा मिलाकर उसका लड्डू बना लें। फिर उस लड्डू को बच्चे के ऊपर १२ बार उतारकर किसी कुए में डाल दें। इस उपाय के करने से बच्चे के डरने की समस्या का निवारण हो जायेगा।

आपका बच्चा यदि रोता रहता है जिसका कारण आप समझ नहीं पाते हैं तो भी आप इस उपाय को कर सकते हैं। अगर आपका बच्चा ठीक से भोजन नहीं करता है तो भी आप इस उपाय को कर सकते हैं। शिव जी की कृपा से आपका बच्चा जल्द ही ठीक हो जायेगा।

## बच्चों को सुधारने के लिए उपाय

यदि आपका बच्चा बहुत ज्यादा शरारती है और आपके समझाने पर भी आपकी बात नहीं मानता है तो आप प्रदीप जी द्वारा बताये गए इस उपाय को कर सकते हैं। आपको सोमवार के दिन बाजरे के आंटे की दो रोटी बनानी है जी एक तरफ से सिकी हुई हो। जिस तरफ रोटी कच्ची हो उस तरफ गुड, चावल, बेलपत्र रखकर दूसरी रोटी से ढक दो। इसके बाद इस रोटी को नहाने से पहले अपने बच्चे के द्वारा किसी बैल को खिलवा दे। इस उपाय को करने से आपका बच्चा सुधरने लगेगा।

## बीमारियों से बचने के लिए उपाय

अगर आपके घर में किसी न किसी को बीमारी है या एक के ठीक होने पर कोई और बीमार हो जाता है तो आप पंडित जी द्वारा बताये गए इस उपाय को कर सकते हैं। आपको करना यह है की आप जब भी शिव जी के मंदिर जाये तो शिवलिंग पर गाय का घी चढ़ाएं। इससे आपके घर के रोग दूर हो जायेंगे।

इसके अलावा अगर आपके घर में कोई बीमार है तो आप दूध, काले तिल, थोड़ा सूखा आंवला और बेल के फल को लेकर उसे पीसकर उसका उबटन बना ले। अब इस उबटन को और एक कलश जल को लेकर बीमार व्यक्ति के हाथ का स्पर्श करवा कर शिवलिंग का अभिषेख करें। इससे भी आपके घर की बीमारी दूर हो जाती है।

अगर किसी को आँखों से जुड़ी समस्या रहती हो तो पंडित प्रदीप मिश्रा जी बेलपत्र का उपाय बताते है कि महाशिवरात्रि की रात के 12 बजे के समय शिवलिंग पर थोड़ा शहद और बेलपत्र चढ़ाने के उपरांत उस शहद को किसी पात्र में इकट्ठा करके घर ले आना चाहिए और फिर उस शहद को अवधूतेश्वर महादेव का नाम लेकर तीन महीने तक काजल की तरह आंखों में लगाने से आंखों की रोशनी आने लगती है।

## विवाह के लिए उपाय

अगर आपका विवाह नहीं हो पा रहा है या फिर आपके विवाह में बार बार किसी प्रकार की अड़चन बन रही है तो आप पंडित प्रदीप मिश्र जी द्वारा बताया गया यह उपाय कर सकते हैं। इसके लिए आपको एक नारियल का सुखा गोला लेना है। जिसे उपर की और से थोडा सा काट देना है। ऐसे काटिए जैसे नारियल का ढक्कन बन जाये। फिर इस नारियल में सत्यनारायण भगवान् का प्रसाद या पंजीरी भर दें। फिर इस नारियल को ऊपर से बंद कर दें। इस नारियल को किसी पीपल के पेड़ के नीचे दबा दें। शिव जी की कृपा से उस व्यक्ति का विवाह जल्द ही हो जायेगा।

## ईर्ष्या से बचने के लिए उपाय

यदि आप से की ईर्ष्या करता है या आपके विरोधी आपसे जलते हैं तो आप शिव पुराण में बताया गया यह उपाय कर सकते हैं। आपको बस इतना करना है की माह की दशमी की तिथि को एक धतूरे का फूल और बेलपत्र इस प्रकार से चढाने हैं की फूल और बेलपत्र शिवलिंग से गिरे न। शिव जी की कृपा से आप किसी की ईर्ष्या से दूर रहेंगे।

## बुरी नज़र से बचने के लिए उपाय

कभी कभी किसी बच्चे नज़र लग जाती है जिसके कारण वह बच्चा रोता बहुत है या बीमार हो जाता है। ऐसे में पंडित जी ने शिव पुराण का उपाय बताया है कि एक आंटे का दीपक बनाइये जिसमें चार रुई की बत्ती लगाइए और उसमें तिल का तेल डालकर जलाइए। फिर इस दीपक को बच्चे के ऊपर से 21 बार उतारकर अव्ढूतेश्वर महादेव का नाम से चौराहे पर तब रखना है जब कोई देख न रहा हो। ऐसा करने से जल्द ही आपका बच्चा ठीक हो जायेगा।

## व्यापार वृद्धि के लिए उपाय

अगर आपके व्यापार में किसी प्रकार की रुकावट आ रही है या किसी प्रकार का कार्य है जो आपको नहीं मिल पा रहा है। तो आपको बस इतना करना है की आपको सरसों के 108 फूल लेकर महादेव के

शिवलिंग पर चढ़ाना होगा। ऐसा करने से महादेव आपके व्यापार में वृद्धि देंगे। आपका व्यापार फलने फूलने लगेगा और आपके रुके हुए कार्य बनने लगेंगे।

## क़र्ज़ मुक्ति के लिए उपाय

पंडित प्रदीप मिश्र जी बताते हैं की अगर आपके ऊपर किसी प्रकार का क़र्ज़ है तो आप वट्केश्वर महादेव का स्मरण करें और थोड़े दिन तक वट वृक्ष के नीचे एक लोटा जल डालते रहें। आपके क़र्ज़ से जुडी सभी परेशानियाँ दूर होने लगेंगी। उन्होंने यह भी बताया की मंगलवार के दिन कभी क़र्ज़ नहीं लेना चाहिए। बुधवार के दिन कभी किसी को क़र्ज़ न दे नहीं तो आपका पैसा डूब सकता है। इसके अलावा मंगलवार के दिन शिव मंदिर में जाकर ॐ ऋण मुक्तेश्वराय महादेवाय नमः मंत्र का जाप करते हुए शिवलिंग पर मसूर की दाल चढ़ाएं।

DOWNLOAD FROM

ARCHIVE.ORG